ओ एंड एम तथा टी एंड आरई विभाग के कार्मिकों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन (दिनांक 18 फरवरी, 2026) – रिपोर्ट

एनएचपीसी में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने और कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत दिनांक 18 फरवरी, 2026 को निगम मुख्यालय के ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के सभी कार्मिकों हेतु एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए श्री संजीव कुमार, महाप्रबंधक (जनसंपर्क)-राजभाषा ने कार्यशाला के अध्यक्ष श्री नवीन कुमार जैन, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) तथा विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की हिन्दी सलाहकार समिति से पधारे अतिथि वक्ता डॉ यतीन्द्र कटारिया 'विद्यालंकार', टीएंडआरई विभाग के समूह महाप्रबंधक श्री मिथिलेश प्रसाद दिनकर, ओ एंड एम विभाग के महाप्रबंधक श्री सुरेन्द्र कुमार मिश्रा एवं सभी उपस्थित प्रतिभागियों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया।

कार्यशाला के अतिथि वक्ता डॉ यतीन्द्र कटारिया, सदस्य, हिंदी सलाहकार समिति, को पौधा एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री नवीन कुमार जैन, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) ने कहा कि राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए सभी स्तर के कार्मिकों के लिए नियमित रूप से हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। इसी अनुक्रम में निगम मुख्यालय के ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के कार्मिकों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदी में काम करना हमारा नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है और इस कार्यशाला को संवादात्मक सत्र बनाने का आग्रह करते हुए बताया कि विद्युत मंत्रालय के अतिथि वक्ता द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

कार्यशाला के अतिथि वक्ता डॉ यतीन्द्र कटारिया ने प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी के संवैधानिक उपबंधों, इसके व्यावहारिक पक्ष तथा भाषा के विविध आयाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि संविधान की सभी भाषाएँ एक दूसरे की पूरक हैं तथा राजभाषा को लेकर भ्रांति और इच्छाशक्ति की कमी ही इसके कार्यान्वन में मुख्य बाधा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजभाषा और राष्ट्रभाषा दोनों अलग-अलग हैं और हमें सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। कार्यशाला के दूसरे सत्र में राजभाषा विभाग, एनएचपीसी लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) श्री अमिताभ सिंह ने प्रतिभागियों को तिमाही हिंदी रिपोर्ट भरने संबंधी विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने ई-ऑफिस तथा ई-आईओएम में हिंदी में कार्य करने की प्रक्रिया एवं इस दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के बारे में भी कार्मिकों को प्रशिक्षित किया।

ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के श्री मिथिलेश प्रसाद दिनकर, समूह महाप्रबंधक (विद्युत) ने इस विशेष हिंदी कार्यशाला के लिए राजभाषा विभाग का हार्दिक धन्यवाद किया। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में रुचिपूर्वक भाग लिया तथा कार्यशाला के माध्यम से दी गई जानकारी को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के समापन पर डॉ देवेन्द्र कुमार तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के कार्मिकों के लिए

एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के कार्मिकों के लिए
18 फरवरी, 2026

एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के कार्मिकों के लिए
हिंदी कार्यशाला
दिनांक : 18 फरवरी, 2026
"सरलता और शीघ्र सीखी जाने योग्य भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है"
स्थान : सम्मेलन कक्ष, प्रथम तल, ज्योति सदन, एनएचपीसी लिमिटेड कार्यालय परिसर, सेक्टर-33, फरीदाबाद

एन एच पी सी लिमिटेड
ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के कार्मिकों के लिए
हिंदी कार्यशाला
दिनांक : 18 फरवरी, 2026

एन एच पी सी लिमिटेड
ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के कार्मिकों के लिए
हिंदी कार्यशाला

एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के कार्मिकों के लिए
हिंदी कार्यशाला
दिनांक : 18 फरवरी, 2026
“सरलता और शीघ्र सीखी जाने योग्य भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है”

हिंदी कार्यशाला

एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के कार्मिकों के लिए
हिंदी कार्यशाला
दिनांक : 18 फरवरी, 2026
“सरलता और शीघ्र सीखी जाने योग्य भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है”
मिथिलेश प्रसाद दिनकर
डॉ॰ यतीन्द्र कटारिया
नवीन कुमार जैन

एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
ओ एंड एम तथा टी एंड आर ई विभाग के कार्मिकों के लिए
हिंदी कार्यशाला
दिनांक : 18 फरवरी, 2026
“सरलता और शीघ्र सीखी जाने योग्य भाषाओं में हिंदी सर्वोपरि है”
स्थान : सम्मेलन कक्ष, प्रथम तल, ज्योति सदन, एनएचपीसी लिमिटेड कार्यालय परिसर, सेक्टर-33, फरीदाबाद

एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)

एन एच पी सी लिमिटेड